सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 09.06.2023 को आयोजित जूम बैठक में जिलावार दिये गये निदेश :–

| क्र0सं0 | जिला का नाम | निदेश |
|---|---|---|
| 1 | मधेपुरा | 1. 2500 खेसरा से कम वाले सभी ग्रामों का प्रपत्र–6 लॉक दिनांक 20.06.2023 तक करना सुनिश्चित किया जाय। |
| 2 | मुंगेर | 1. 2500 खेसरा से कम वाले बचे हुए राजस्व ग्रामों का अद्यतन् रिर्पोट प्रपत्र में आज शाम तक अपलोड करने का निदेश दिया गया<br>2. प्रपत्र–6 इन्ट्री में तीन माह तक समय लगाने वाले अमीन से कारण पृच्छा का निदेश दिया गया। |
| 3 | नालंदा | 1. 2500 खेसरा से कम वाले राजस्व ग्रामों में जहाँ सुनवाई चल रही है दिनांक 20.06.2023 तक करना सुनिश्चित किया जाय।<br>2. मिल्की–137, परवलपुर के अमीन के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा भेजने का निदेश दिया गया। |
| 4 | सहरसा | 1. 2500 खेसरा से कम वाले बचे हुए सभी राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–6 लॉक दिनांक 25.06.2023 तक करना सुनिश्चित किया जाय।<br>2. जूम मिटिंग के दौरान दिनांकवार रिर्पोट उपलब्ध नहीं कर पाने के कारण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0) के विरूद्ध कारण–पृच्छा का निदेश दिया गया। |
| 5 | शेखपुरा | 1. 2500 खेसरा से कम वाले बचे हुए सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 25.06.2023 तक करना सुनिश्चित किया जाय।<br>2. बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा एक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की मांग की गई। |
| 6 | शिवहर | 1. 2500 खेसरा से कम वाले राजस्व ग्रामों में जहाँ प्रपत्र–6 की इन्ट्री मई 2023 में प्रारंभ हुई है उसे दिनांक 25.06.2023 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया तथा जून 2023 में प्रारंभ होने वाले इन्ट्री को अधिकतम 45 दिन के अंदर समाप्त करने का निदेश दिया गया।<br>2. पिपराढ़ी के मौजा हरकरवा(155) में प्रपत्र–6 इन्ट्री 23.01.2023 से ही किया जा रहा है, संबंधित अमीन से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। |
| 7 | सीतामढ़ी | 1. 2500 खेसरा से कम वाले राजस्व ग्रामों जहाँ सुनवाई प्रक्रम चल रही है, दिनांक 30.06.2023 तक प्रारूप प्रकाशन करने का निदेश दिया गया।<br>2. मौजा एराजी मोहनपुर(34) में खानापुरी कार्य 707 खेसरों के लिए 25.08.2022 से किया जा रहा है संबंधित अमीन से इस संबंध में कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।<br>3. मौजा नरहरपुर(102), सौरा(133) तथा योगीवाना(200) में प्रपत्र–6 इन्ट्री फरवरी माह से ही की जा रही है संबंधित अमीन से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 4. हवाई सर्वेक्षण एजेसीं आई0आई0सी0 द्वारा उपरोक्त मौजा का एरिया स्टेटमेंट ससमस नहीं उपलब्ध कराने के लिए इनसे कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। |
| 8 | सुपौल | 1. 2500 खेसरा से कम वाले बचे हुए सभी राजस्व ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 30.06.2023 तक करने का निदेश दिया गया। |
| 9 | पश्चिम चम्पारण | 1. 2500 खेसरा से कम वाले बचे हुए राजस्व ग्राम जहाँ प्रपत्र–6 की इन्ट्री चल रही है का एल0पी0एम0 लॉक दिनांक 30.06.2023 तक करने का निदेश दिया गया।<br>2. मंजीत कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन के सेवा समाप्ति के संबंध में बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा अनुशंसा की गई है का निष्पादन करने का निदेश दिया गया।<br>3. मौजा मोहछीसूअर–(212) चनपटियाँ–2 में 02.09.2022 से प्रपत्र–6 की इन्ट्री की जा रही है और अब तक मात्र 130 खेसरों की इन्ट्री की गई है। संबंधित मौजा के विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। |
| 10 | पूणियाँ | 1. 2500 खेसरा से कम वाले बचे हुए राजस्व ग्राम जहाँ प्रपत्र–6 की इन्ट्री चल रही है का एल0पी0एम0 लॉक दिनांक 25.06.2023 तक करने का निदेश दिया गया। |

अन्यान्य : 1. विशेष सर्वेक्षण के लिए जूम बैठक प्रत्येक वृहस्पतिवार को शाम 5.00 से आयोजित की जायेगी।

2. सभी जिला प्रत्येक बैठक में दिनांकवार चार प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होगें– (क) खानापुरी प्रक्रम वाले राजस्व ग्राम
   (ख) प्रपत्र–6 इन्ट्री वाले राजस्व ग्राम
   (ग) सुनवाई प्रक्रम में चल रहे राजस्व ग्राम
   (घ) एल0पी0एम0 लॉक हो गये राजस्व ग्राम

   उर्पयुक्त चारो विन्दुओं से संबंधित प्रतिवेदन में प्रत्येक शिविर अर्न्तगत पाँच कर्मियों की पहचान की जाए जिनके द्वारा सर्वाधिक दिनों से कार्य किया जा रहा है।
3. किसी भी राजस्व में प्रपत्र–6 की इन्ट्री के लिए अधिकतम 45 दिनों के आधार पर समीक्षा की जाए।
4. कुणाल किशोर एवं प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल को निदेशित किया गया की सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के द्वारा अब तक किए गए कार्यो का विस्तृत मॉड्यूल तैयार करेगें।
5. विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के द्वारा राजस्व ग्राम में कानूनगों एवं अमीन द्वारा किये जा रहे कार्यो का सही तरीके से अवलोकन/अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को संबंधित राजस्व ग्राम में कार्यो में हो रहे विलंब के लिए उतरदायी मान कर उनके विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव दिया जाए।।
6. विशेष सर्वेक्षण बन्दोबस्त कार्यो की प्रगति/उपलब्धि को अपर समाहर्त्ता के मासिक पी0ओ0पी0 में शामिल करने का निदेश दिया गया।

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0–12 / 2023 4858 पटना, दिनांक 12/06/2023

प्रतिलिपि : सभी संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0–12 / 2023 4858 पटना, दिनांक 12/06/2023

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी / संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / स्थापना सहायक / क्षेत्रीय स्थापना सहायक / प्रभारी, आई0टी0 सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0–12 / 2023 4858 पटना, दिनांक 12/06/2023

प्रतिलिपि : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(04)वि0सर्वे0–12 / 2023 4858 पटना, दिनांक 12/06/2023

प्रतिलिपि : सुश्री सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/6/23

**सहायक निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप